ओ३म्

<u>निमंत्रण एवं प्रेस समाचार</u>

वेदमूर्ति आचार्य रामनाथ वेदालंकार का जन्मशती महोत्सव रविवार दिनांक 2 नवम्बर, 2014 को हरिद्वार में आयोजित

हरिद्वार 24 अक्तूबर, 2014, **वेदों के सुप्रसिद्ध विद्वान, सामवेद भाष्यकार एवं अनेक वैदिक ग्रन्थों के प्रणेता वेदमूर्ति आचार्य रामनाथ वेदालंकार जी का जन्मशती महोत्सव 2 नवम्बर, 2014 को हरिद्वार में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम मध्यान्ह 2.30 बजे हरिद्वार के देवपुरा स्थित भारत सेवाश्रम संघ के सभागार में सम्पन्न होगा।** वेदप्रेमी आर्य बन्धुओं से निवेदन किया गया है कि वह आयोजन में पधार कर आचार्य प्रवर डा. रामनाथ वेदालंकार जी को अपने श्रद्धा–सुमन अर्पित करें। इस अवसर पर आचार्य प्रवर की स्मृति में **''श्रुति मंथन''** नामक स्मृति ग्रन्थ का लोकार्पण किया जायेगा। इस ग्रन्थ का सम्पादन, सम्पादन कला मर्मज्ञ डा. विनोद चन्द्र विद्यालंकार द्वारा किया गया है। इससे पूर्व आपने स्वामी श्रद्धानन्द और स्वामी समर्पणानन्द सरस्वती जी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर विद्वद–प्रशंसनीय ग्रन्थों सहित अनेक ग्रन्थों का प्रणयन किया है।

इस अवसर पर आर्य जगत के विख्यात संन्यासी और लगभग 8 गुरूकुलों के संस्थापक व संचालक **यशस्वी स्वामी प्रणवानन्द सरस्वती**, गुरूकुल गौतम नगर, दिल्ली, **डा. सुनील कुमार जोशी**, शल्य चिकित्सक एवं मर्म चिकित्सा विशेषज्ञ, हरिद्वार तथा **डा. अमिता आर्या**, श्रीमद् दयानन्द कन्या गुरूकुल महाविद्यालय, चोटीपुरा, ज्योतिबा फुलेनगर को अलंकृत वा सम्मानित किया जायेगा। आचार्यजी के परिजन, शिष्य परम्परा एवं विद्वन्मण्डली की ओर से सभी वेदप्रेमी सभी बन्धुओं को गुरूकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के यशस्वी स्नातक, वेदों के प्रकाण्ड विद्वान, सामवेद भाष्यकार, वेदमूर्ति आचार्य रामनाथ वेदालंकार के जन्मशती महोत्सव में सपरिवार इष्ट–मित्रों सहित सादर सप्रेम आमंत्रित किया गया है। निवेदन किया गया है माननीय अतिथिगण पधारकर आचार्य प्रवर के प्रति अपने श्रद्धासुमन अर्पित करें।

जन्मशती महोत्सव में आपको जिन विभूतियों के जीवन कल्याणकारी उपदेशों व उद्गारों का श्रवण करने का अवसर मिलेगा उनमें कुछ प्रमुख विद्वान हैं – **परमपूज्य महामण्डलेश्वर स्वामी सत्यमित्रानन्द जी महाराज,** निवर्तमान शंकराचार्य, **प्रोफेसर सुभाष विद्यालंकार**, पूर्व कुलपति, गुरूकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार, **आचार्य बालकृष्ण जी, कुलपति,** पतंजलि विश्वविद्यालय, हरिद्वार सहित **डा. सुरेन्द्र कुमार, प्रो. वेद प्रकाश शास्त्री, डा. विष्णुदत्त राकेश, डा. आनन्द आर्य तथा श्री मनोज गर्ग, मेयर, हरिद्वार** आदि।

सभी वेदप्रेमी आर्यजनों से आग्रह व निवेदन है कि वह महोत्सव में पधार कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ायें और आचार्य प्रवर को अपनी श्रद्धांजलि भेंट करें।

निवेदकः

स्वामी यतीश्वरानन्द	**डा. महावीर अग्रवाल**	**डा. विनोद चन्द्र विद्यालंकार**
विधायक, उत्तराखण्ड	कुलपति, उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय	(सम्पादक, 'श्रुति मंथन'')

प्रेषकः मनमोहन कुमार आर्य
आयोजन समिति की अनुमति से